यह घटनाक्रम केवल कुछ पत्रकारों पर हमले तक सीमित नहीं है, बल्कि पत्रकारिता की गरिमा और स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार है। जनसम्पर्क जैसे शासकीय मंच को निजी स्वार्थ और धमकी का अड्डा बना देना लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरे का संकेत है।

# मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर से उठी लोकतंत्र की चीख...

## मुख्यमंत्री के गृह जिले से लोकतंत्र पर हमला-जशपुर में पत्रकारों को करोड़ों की मानहानि नोटिस




## फोन पर आत्महत्या में फँसाने की धमकी- शासकीय ग्रुप का निजीकरण कर पत्रकारों का अपमान

## पत्रकारों को डराने की साजिश पर चुप क्यों हैं मुख्यमंत्री और जनसंपर्क आयुक्त?



प्रदेश खबरदार
अमित विष्णु गुप्ता
छत्तीसगढ़ संवाददाता

### कलेक्टर मौन... पुलिस प्रशासन खामोश?

मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर में पत्रकारों को धमकाकर चुप कराने की साजिश ने लोकतंत्र की बुनियाद को हिला दिया है। आरोप है कि जनसंपर्क विभाग की सहायक संचालक नूतन सिदार ने अपने कर्मचारी रविन्द्र की पत्नी से दी गई शिकायत को हथियार बनाकर पत्रकारों पर करोड़ों की मानहानि नोटिस थमा दिए और धमकियों का सिलसिला शुरू कर दिया। पत्रकारों को फोन पर आत्महत्या में फँसाने की धमकी तक मिली। इस घटनाक्रम ने यह गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या यह सब किसी बड़े संरक्षण या मौन सहमति के बिना संभव था?

### करोड़ों की मानहानि और धमकियों की बौछार

पत्रकारों को डराने और दबाव बनाने के लिए एक-एक करोड़ रुपये के मानहानि नोटिस भेजे गए। इतना ही नहीं, धमकियों का स्तर इस कदर बढ़ गया कि फोन पर आत्महत्या के लिए जिम्मेदार ठहराकर फँसाने तक की बातें कही गईं। यह सिर्फ एक अधिकारी की मनमानी नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन की भूमिका पर भी गंभीर प्रश्न उठाता है।

### जनसंपर्क आयुक्त पर सवाल

जनसंपर्क विभाग सीधे मुख्यमंत्री के अधीन होता है। मौजूदा जनसंपर्क आयुक्त, जो पूर्व में जशपुर कलेक्टर भी रह चुके हैं, इस पूरे घटनाक्रम से अंजान नहीं हो सकते। सवाल उठ रहे हैं- क्या आयुक्त को जशपुर के इस विवाद की जानकारी नहीं है? अगर जानकारी है, तो अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई? और अगर जानकारी नहीं है, तो क्या विभाग बेलगाम और बेकाबू हो चुका है?

## जशपुर चलो जशपुर चलो

### 10/09/2025 दिन- बुधवार

### पत्रकारिता की असमिता खतरे में है।

### विनीत- सर्व पत्रकार संघ छत्तीसगढ़।

**मुख्यमंत्री की चुप्पी सबसे बड़ा प्रश्न :** जनसंपर्क विभाग सीधे मुख्यमंत्री के अधीन है। ऐसे में जब पत्रकारों पर करोड़ों की मानहानि नोटिस दागे जा रहे हैं, आत्महत्या में फँसाने जैसी धमकियाँ दी जा रही हैं, और शासकीय ग्रुप का निजीकरण कर पत्रकारों का अपमान किया जा रहा है-तो मुख्यमंत्री अब तक चुप क्यों हैं?

क्या मुख्यमंत्री की यह चुप्पी नूतन सिदार और उनके संरक्षकों को संरक्षण देने का काम कर रही है?

**कलेक्टर और प्रशासन की मौन सहमति :** शासकीय ग्रुप में हुए इस पूरे अपमानजनक घटनाक्रम के दौरान स्वयं कलेक्टर रोहित व्यास मौजूद थे। बावजूद इसके, उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हुए, लेकिन न तो कलेक्टर बोले, न पुलिस प्रशासन हरकत में आया। प्रशासन की यह चुप्पी साफ संकेत देती है कि सत्ता और तंत्र दोनों पत्रकारों को डराने की इस साजिश में मौन सहमति से शामिल हैं।

**लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी :** यह घटनाक्रम केवल जशपुर तक सीमित नहीं है। यह उस मानसिकता को उजागर करता है जहां पत्रकारों को चुप कराने के लिए सरकारी तंत्र का खुलेआम दुरुपयोग किया जा रहा है। लोकतंत्र की रीढ़ माने जाने वाली पत्रकारिता पर यह सीधा हमला है।

जनता के सवाल मुख्यमंत्री से क्या मुख्यमंत्री बताएंगे कि उनके अधीन आने वाला जनसंपर्क विभाग अब जन विभाग न होकर भय विभाग क्यों बन गया है? क्या नूतन सिदार और उनके संरक्षकों पर कोई कार्रवाई होगी? या फिर यह मान लिया जाए कि यह पूरी साजिश शीर्ष स्तर की मौन स्वीकृति से संचालित हो रही है?

### संयुक्त पत्रकार संघ ने खोला मोर्चा, 10 सितम्बर को जशपुरनगर में जुटेंगे प्रदेशभर के पत्रकार

जिले में पत्रकारों को धमकाने और उनकी आवाज दबाने के खिलाफ अब प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन खड़ा होने जा रहा है। संयुक्त पत्रकार संघ ने घोषणा की है कि आगामी 10 सितम्बर 2025 (बुधवार) को प्रदेशभर के पत्रकार जशपुरनगर में एकत्रित होंगे।

संयुक्त पत्रकार संघ का कहना है कि जशपुर में पत्रकारों को एक-एक करोड़ के मानहानि नोटिस भेजना, आत्महत्या में फँसाने की धमकी देना और शासकीय ग्रुप का निजीकरण कर उनका अपमान करना लोकतंत्र पर सीधा हमला है। अब यह केवल स्थानीय मुद्दा नहीं रहा, बल्कि पूरे प्रदेश के पत्रकारों की अस्मिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सवाल बन गया है। पत्रकार संघ ने स्पष्ट किया है कि अगर इस मामले में शासन-प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

आह्वान : संयुक्त पत्रकार संघ ने प्रदेश के सभी पत्रकारों से अपील की है कि वे 10 सितम्बर को जशपुरनगर पहुँचकर इस ऐतिहासिक संघर्ष का हिस्सा बनें और लोकतंत्र की आवाज को बुलंद करें।

निष्कर्ष: जशपुर का यह प्रकरण लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। यदि मुख्यमंत्री और जनसंपर्क आयुक्त इस पर त्वरित कार्रवाई नहीं करते, तो यह संदेश जाएगा कि सरकार अब पत्रकारों की कलम तोड़ने की खुली मुहिम चला रही है।

प्रति,

मानवीय मुख्यमंत्री,

छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर।

माध्यम : जिला कलेक्टर, जशपुर

विषय : मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर में पत्रकारों को करोड़ों की मानहानि नोटिस एवं आत्महत्या में फँसाने की धमकी देकर लोकतंत्र पर हमला – दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हेतु।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर में पत्रकारों के साथ घोर अन्याय और लोकतंत्र पर सीधा हमला हुआ है।

1. जनसंपर्क विभाग की सहायक संचालक नूतन सिदार ने अपने अधीनस्थ कर्मचारी की शिकायत का दुरुपयोग कर पत्रकारों को एक-एक करोड़ रुपये के मानहानि नोटिस भेजे।
2. पत्रकारों को फोन पर आत्महत्या में फँसाने की धमकी दी गई, जो न केवल घोर आपराधिक कृत्य है बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला भी है।
3. शासकीय ग्रुप का निजीकरण कर पत्रकारों का अपमान किया गया। इस दौरान कलेक्टर जशपुर रोहित व्यास भी मौजूद थे, फिर भी प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी।
4. यह पूरा घटनाक्रम जनसंपर्क विभाग और उसके शीर्ष नेतृत्व की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है।
5. पत्रकार को अपराधी शब्द लिख कर सम्बोधित किया।

हमारी माँगें :

1. सहायक संचालक नूतन सिदार के विरुद्ध तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर सेवा से बर्खास्तगी की जाए।
2. विभागीय सर्वोच्च अधिकारी जनसंपर्क आयुक्त इस शर्मनाक प्रकरण के लिए सार्वजनिक माफीनामा जारी करें।
3. चुंकि विभाग माननीय मुख्यमंत्री जी का है और संवाद प्रमुख डॉ रवि मितल के कंधों पर उनकी छवि को सुधारने का दायित्व प्रमुख रूप से दिया गया है विभाग के एक अधिकारी के द्वारा पत्रकारों को फसाने की साजिश की जा रही है इसलिए सार्वजनिक रूप से संवाद प्रमुख को माफीनाम देना होगा ।।
4. इस प्रकरण की विशेष उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कराई जाए ताकि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके।
5. यह घटनाक्रम सिविल सेवा आचरण नियम 1964 एवं 1965 का खुला उल्लंघन है। अतः इस आधार पर भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

कार्यालय कलेक्टर

प्रेषित दि० 10/09/25

हस्ताक्षर............

आवक शाखा

जशपुर (छ.ग.)

जशपुर का यह प्रकरण केवल एक जिले का मामला नहीं है, बल्कि लोकतंत्र और पत्रकारिता की स्वतंत्रता के लिए खतरे की घंटी है। यदि शासन-प्रशासन द्वारा त्वरित और कठोर कार्रवाई नहीं की जाती है, तो यह संदेश जाएगा कि सरकार पत्रकारों की कलम तोड़ने की मुहिम चला रही है।

अतः निवेदन है कि उपरोक्त माँगों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाए।

भवदीय,
संयुक्त पत्रकार संघ
जशपुर, छतीसगढ़

जितेन्द्र कुमार जायसवाल
पंकज सिंह
मो० असगर [illegible]
नरेश [illegible] जायसवाल
अखिलेश मिश्रा
कार्तिकराम पोर्ते
तेजकुमार साहू
अमित गुप्ता
रोहित चौहान
मुकुन्द कौशिक
Sweeta Narayan
S-SANTOSH KUMAR
सुजीत जायसवाल
Munna Ram
सद्दाम अंसारी
दीपक वर्मा

BHARAT SAMMAN
MSME
MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम
OUR STRENGTH • हमारी शक्ति
Ministry of MSME, Govt. of India
UDYAM-CG-16-0006830
Bharatsamman.com | Bharat samman | Bharat Samman

14 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के
अब 15वें वर्ष की ओर
पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह



वर्ष-15 अंक-89 — अम्बिकापुर, शुक्रवार 12 सितंबर 2025 — कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रु.




## पत्रकारों पर नोटिस और मानहानि कार्रवाई के विरोध में

# संगठनों का हल्ला बोल

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सौंपा ज्ञापन

**भारत सम्मान/ न्यूज**

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री के गृह ज़िले जशपुर में पत्रकारों पर नोटिस थोपने और मानहानि का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी के विरोध में जिलेभर के पत्रकार संगठनों ने शुक्रवार को ज़िला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जोरदार विरोध दर्ज कराया। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें जनसंपर्क विभाग की सहायक संचालक नूतन सिदार के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। पत्रकारों ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि नूतन सिदार ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की आड़ लेकर पत्रकारों को एक-एक करोड़ रुपये की मानहानि नोटिस थमाई है। यह कदम न केवल असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है, बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा हमला है। पत्रकारों का कहना है कि इससे साफ प्रतीत होता है कि विभागीय अधिकारी लोकतांत्रिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दमन करने की कोशिश कर रहे हैं।

### ज्ञापन में लगाए गए आरोप

पत्रकारों ने अपने ज्ञापन में विस्तार से लिखा है कि

- इस पूरे प्रकरण पर जिला कलेक्टर द्वारा चुप्पी साध लेना दुर्भाग्यपूर्ण और संदिग्ध है।
- पत्रकारों को मानहानि नोटिस भेजकर अपमानित किया गया और लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुँचाई गई।
- विभागीय अधिकारी जनसंपर्क आयुक्त के साथ मिलकर षड्यंत्र की पटकथा लिख रहे हैं।
- मुख्यमंत्री और संवाद प्रमुख को गुमराह कर गलत दिशा में धकेला गया है।
- पत्रकारों को अपराधी की तरह प्रस्तुत करने का कृत्य लोकतंत्र पर सीधा हमला है।

### पत्रकारों की प्रमुख मांगें


- नूतन सिदार के खिलाफ तत्काल अपराध पंजीबद्ध किया जाए और उन्हें सेवा से बर्खास्त किया जाए।
- उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि दोषियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई हो सके।
- शासन-प्रशासन यह स्पष्ट करे कि पत्रकारों को धमकाने और मानहानि नोटिस भेजने का आदेश किसके दबाव में और क्यों दिया गया।
- जनसंपर्क विभाग में सुधारात्मक कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में पत्रकारों को ऐसी प्रताड़ना का सामना न करना पड़े।

### आंदोलन की चेतावनी

ज्ञापन में पत्रकारों ने स्पष्ट कहा कि यह मामला केवल जशपुर जिले का नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और प्रेस की स्वतंत्रता से जुड़ा हुआ है। यदि इस पर त्वरित और ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो राज्यभर के पत्रकार उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### पत्रकारों की एकजुटता

ज्ञापन पर बड़ी संख्या में स्थानीय पत्रकारों, वरिष्ठ पत्रकारों, संगठनों के प्रतिनिधियों और युवा पत्रकारों के हस्ताक्षर दर्ज हैं। इससे साफ है कि इस मुद्दे ने पूरे पत्रकार समुदाय को एकजुट कर दिया है और सभी पत्रकार इस मामले को अपनी प्रतिष्ठा और अस्तित्व की लड़ाई मान रहे हैं। यह समाचार अब स्थानीय ही नहीं, बल्कि राज्यस्तरीय राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल भी तेज कर सकता है, क्योंकि मामला सीधे मुख्यमंत्री के गृह ज़िले से जुड़ा है।



प्रति, माननीय मुख्यमंत्री,
छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर।

माध्यम : जिला कलेक्टर, जशपुर

विषय : मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर में पत्रकारों को करोड़ों की मानहानि नोटिस एवं आत्महत्या में फंसाने की धमकी देकर लोकतंत्र पर हमला – दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हेतु।

महोदय,


सविनय निवेदन है कि मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर में पत्रकारों के साथ घोर अन्याय और लोकतंत्र पर सीधा हमला हुआ है।

1. जनसंपर्क विभाग की सहायक संचालक नूतन सिदार ने अपने अधीनस्थ कर्मचारी की शिकायत का दुरुपयोग कर पत्रकारों को एक-एक करोड़ रुपये के मानहानि नोटिस भेजे।
2. पत्रकारों को फोन पर आत्महत्या में फंसाने की धमकी दी गई, जो न केवल घोर आपराधिक कृत्य है बल्कि देश की स्वतंत्रता पर हमला भी है।
3. सार्वजनिक रूप से [illegible] पत्रकारों का अपमान किया गया। इस दौरान कलेक्टर जशपुर रोहित व्यास भी मौजूद थे, फिर भी प्रशासन के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी।
4. यह पूरा घटनाक्रम जनसंपर्क विभाग और उसके शीर्ष नेतृत्व की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है।
5. पत्रकार को अपराधी शब्द लिख कर सम्बोधित किया।

हमारी मांगें :

1. सहायक संचालक नूतन सिदार के विरुद्ध तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर सेवा से बर्खास्तगी की जाए।
2. विभागीय सर्वोच्च अधिकारी जनसंपर्क आयुक्त इस शर्मनाक प्रकरण के लिए सार्वजनिक माफीनामा जारी करें।
3. चूंकि विभाग माननीय मुख्यमंत्री जी का है और संवाद प्रमुख डॉ रवि मित्तल के कंधों पर उनकी छवि को सुधारने का दायित्व प्रमुख रूप से दिया गया है विभाग के एक अधिकारी के द्वारा पत्रकारों को फसाने की साजिश की जा रही है इसलिए सार्वजनिक रूप से संवाद प्रमुख को माफीनामा देना होगा।।
4. इस प्रकरण की विशेष उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कराई जाए ताकि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके।
5. यह घटनाक्रम सिविल सेवा आचरण नियम 1964 एवं 1965 का खुला उल्लंघन है। अतः इस आधार पर भी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए।

कार्यालय कलेक्टर, जशपुर (छ.ग.)



भवदीय,
संयुक्त पत्रकार संघ
जशपुर, छत्तीसगढ़

**OFFICE OF ASHOK KUMAR MISHRA, ASHISH KUMAR MISHRA**
ADVOCATE BELADULA, RAIGARH (C.G.)
MO. NO. - 98261 78414, 74406 06320, 62325 05188
e- Mail : ashok566303@gmail.com
mishrakumarashishrgh@gmail.com

Sr. No. का०/नो०/442/2025 Date 3/9/2025

प्रति,

ऋषिकेश मिश्रा
ग्राम–राजपुर (बथानपारा ढाप रोड)
तहसील–लैलुंगा, जिला–रायगढ़ (छ0ग0)
मो.नं.–9340992793

## कानूनी नोटिस

मैं अपनी पक्षकारा नूतन सिदार सहायक संचालक, जन संपर्क कार्यालय जशपुर, जिला–जशपुर (छ0ग0) के अनुदेशानुसार आपको निम्नानुसार कानूनी नोटिस प्रेषित करता हूं :–

1. मेरी पक्षकारा जिला जन संपर्क कार्यालय जशपुर में सहायक संचालक पद पर कार्यरत एक कर्तव्य परायण ईमानदार एवं अपनी सेवा के प्रति समर्पित शासकीय अधिकारी है, जिसके द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन के अनुक्रम में **अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को शासन के नियम कानून के अनुसार कार्य करने हेतु आदेशित एवं निर्देशित किया जाता है ।**
2. जिला जन संपर्क कार्यालय जशपुर में **रविन्द्र विश्वकर्मा नामक व्यक्ति अंशकालीन कर्मचारी के रूप में पदस्थ है** परंतु उक्त कर्मचारी द्वारा अपने कर्तव्यों के प्रति निरंतर घोर लापरवाही व उदासीनता बरती जाती रही है, जिसके कारण मेरी पक्षकारा द्वारा समय–समय पर उसे यथोचित आदेश एवं निर्देश देकर **शासकीय कर्तव्यों का विधिवत निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया जाता रहा है** एवं उसे निरंतर इस संबंध में समझाईश भी दी जाती रही है, जिससे रूष्ट होकर उक्त कर्मचारी ने **आप एवं आपके अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर आपराधिक षड़यंत्र की रचना करते हुये** मेरी पक्षकारा की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या का प्रयास करने का झूठा आरोप लगाकर मेरी पक्षकारा को ब्लेकमेल कर उसका भयादोहन करने एवं आप लोगों के साथ मिलकर इस भयादोहन और ब्लेकमेलिंग के अंतर्गत अवैध रकम की वसूली हेतु आप एवं आपके अन्य सहयोगियों की सहभागिता से आपके न्यूज पोर्टल में मेरी पक्षकारा का फोटो डालकर आपके मार्फत यह दुष्प्रचार करना प्रारंभ कर दिया कि मेरी पक्षकारा की प्रताड़ना से त्रस्त आकर एवं मेरी पक्षकारा द्वारा विधि विरुद्ध कार्य

OFFICE OF ASHOK KUMAR MISHRA, ASHISH KUMAR MISHRA
ADVOCATE BELADULA, RAIGARH (C.G.)
MO. NO. - 98261 78414, 74406 06320, 62325 05188
e- Mail : ashok566303@gmail.com
mishrakumarashishrgh@gmail.com

Sr. No. ________

Date ____________

कराये जाने से त्रस्त होकर अंशकालीन कर्मचारी रविन्द्रनाथ राम ने आत्महत्या का प्रयास किया है ।

3. किसी भी समाचार पत्र एवं किसी भी न्यूज पोर्टल में किसी भी प्रकार का समाचार प्रसारित व प्रकाशित करने के पूर्व **प्रेस एवं पत्रकारित पंजीकरण अधिनियम, 2023, के तहत तथा प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम, 1867 के तहत तथा समाचार पत्र (अपराध के लिये उकसावा) अधिनियम 1908** के तहत संपूर्ण सच्चाई का पता लगाना एवं जिस व्यक्ति के विरुद्ध समाचार प्रकाशित अथवा प्रसारित किया जाना हो, उसका भी पक्ष जानना आवश्यक है परंतु चूंकि आप अभिकथित रविन्द्र विश्वकर्मा के आपराधिक षड़यंत्र में शामिल हैं इसलिये आपने मेरी पक्षकारा का पक्ष जानने का कोई प्रयास किये बिना ही मेरी पक्षकारा को **तंग, परेशान एवं प्रताड़ित करने हेतु, उसे ब्लेकमेल कर उससे अवैध रकम की वसूली हेतु एवं मेरी पक्षकारा की प्रतिष्ठा भंग करते हुए उसकी मान–हानि हेतु तथा मेरी पक्षकारा को अपमानित कर उसके प्रति लोक अशांति का माहौल बनाने हेतु** कथित रविन्द्र विश्वकर्मा के **झूठे तथ्यों पर आधारित इन्टरव्यू** के साथ यह समाचार सोशल मीडिया में प्रसारित करना प्रारंभ कर दिया कि मेरी पक्षकारा द्वारा रविन्द्र पिता गेंदाराम से फोटोग्राफी, ड्रायविंग, कम्प्यूटर ऑपरेटर का काम, फोटो प्रदर्शनी तैयार कराने का काम तथा अपने निजी कार्य कराने का काम कराया जाता था तथा उसे सार्वजनिक रूप से अपमानित किया जाता था तथा उसे SC ST Act में फंसा कर जेल भेजवा देने की धमकी दी जाती थी जिसके कारण लगातार प्रताड़ना और मानसिक दबाव से परेशान होकर 13 अगस्त 2025 की शाम लगभग 7:30 बजे वह किटनाशक खाकर आत्महत्या करने को मजबूर हो गया एवं किटनाशक का सेवन कर लिया ।

4. यहां यह भी उल्लेखनीय है कि मेरी पक्षकारा का फोटो डालकर उसके विरुद्ध गंभीर आरोप युक्त समाचार प्रसारित करने के पूर्व आपने यह भी जानने का प्रयास नहीं किया कि रविन्द्र विश्वकर्मा ने वास्तव में विषपान किया था या नहीं एवं उसके द्वारा विषपान करने की कोई प्राथमिक साक्ष्य किसी हास्पिटल में या किसी वैज्ञानिक संस्थान में या पैथालॉजी रिपोर्ट में उपलब्ध है या नहीं ?

5. आपके द्वारा मेरी पक्षकारा का पक्ष ज्ञात किये बिना उपरोक्तानुसार समाचार सोशल मीडिया में प्रसारित करने के फलस्वरूप मेरी पक्षकारा के परिचितों एवं रिश्तेदारों एवं

**OFFICE OF ASHOK KUMAR MISHRA, ASHISH KUMAR MISHRA**
ADVOCATE BELADULA, RAIGARH (C.G.)
MO. NO. - 98261 78414, 74406 06320, 62325 05188
e- Mail : ashok566303@gmail.com
mishrakumarashishrgh@gmail.com

Sr. No. ________

Date ______________

कार्यालयीन कर्मचारियों तथा आम जनता के मध्य उसकी प्रतिष्ठा भंग हो गई तथा उसे घोर मानसिक कष्ट, वेदना और संताप उत्पन्न हुई तथा मेरी पक्षकारा चूंकि राजपत्रित शासकीय अधिकारी है मानसिक रूप से घोर प्रताड़ित हुई ।

6. मेरी पक्षकारा अपनी उपरोक्त क्षतियों का मूल्यांकन 1,00,00,000/–(एक करोड़ रूपये) करती है, जिसकी अदायगी हेतु तथाकथित रिपोर्टकर्ता एवं आपके सहयोगियों सहित आप स्वयं भी संयुक्ततः एवं पृथक–पृथक रूप से उत्तरदायी हैं।
7. मेरी पक्षकारा के विरुद्ध इस नोटिस में वर्णित अपमानकारी संदेश/समाचार सोशल मीडिया में आपने उसे तंग, प्रताड़ित और परेशान करने के उद्देश्य से एवं उसका भयादोहन कर उससे अवैध रकम की वसूली करने अन्यथा उसे बदनाम कर देने के उद्देश्य से प्रसारित किया है तथा आप एवं आपके सहयोगियों ने अपने इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये ही रविन्द्र विश्वकर्मा के साथ षड़यंत्र करके उसके विषपान करने एवं विषपान पश्चात पुलिस थाना में रिपोर्ट लिखाने का **षड़यंत्र पूर्ण कथानक** तैयार किया था एवं आप तथा आपके सहयोगियों के इस षड़यंत्र के ही कारण रविन्द्र विश्वकर्मा द्वारा बिना विषपान किये विषपान करने का नाटक करते हुये मेरी पक्षकारा के विरुद्ध **पूर्णतः झूठी रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई एवं तत्संबंध में झूठी शिकायतें प्रस्तुत की गई ।**
8. आपका उपरोक्त वर्णित कृत्य **सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66, 67 के अंतर्गत एवं भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 356(2), 356(3) एवं 352 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है, जिसके लिये आप पृथक से आपराधिक अभियोजन (Criminal Prosecution)** के पात्र हैं ।
9. मेरी पक्षकारा द्वारा आपसे निम्नांकित दावाकृत प्रस्तावित अनुतोष प्राप्त न होने पर उक्त अनुतोषों की प्राप्ति हेतु आपके विरुद्ध वैधानिक एवं न्यायालयीन कार्यवाहियां प्रारंभ की जाना प्रस्तावित एवं विचाराधीन है :–

    अ– मेरी पक्षकारा का पक्ष ज्ञात कर उससे लिखित क्षमा याचना करते हुये अभिकथित झूठे तौर पर प्रसारित समाचार का एक सप्ताह तक खेद सहित खण्डन प्रसारित करें तथा साथ ही मेरी पक्षकारा का पक्ष अपने समाचार में निरंतर एक सप्ताह तक प्रसारित करें ।

**ASSOCIATES**

Ashok Kumar Mishra 7440606320 | Ashish Kumar Mishra 9826178414 | Rajendra Patel 9340828563 | Vijay Sharma 7000421407 | Smt. Archana Pandey 9702783565 | Smt. Sharda Mulik 9340019747
Praveen Tripathi 9425290081 | Prashant Sharma 8889819990 | Sheetu Tripathi (Raipur) 78798 29708 | Bhawna Sahu (Raipur) 8770505775 | Asima Verma (Raipur) 9770872747 | Smt. Mamta Sharma 9424145152
vandana Kesharwani 7999775759 | Vidushi Sharma 9340276245 | Md. Asif Shaikh 7999868197 | Umesh Thawait 9098101176 | Nitesh Shrivas (Bilaspur) 7000326109 | Vandana Sahu (D 7828074082

**OFFICE OF ASHOK KUMAR MISHRA, ASHISH KUMAR MISHRA**
ADVOCATE BELADULA, RAIGARH (C.G.)
MO. NO. - 98261 78414, 74406 06320, 62325 05188
e- Mail : ashok566303@gmail.com
mishrakumarashishrgh@gmail.com

Sr. No. ________

Date ____________

ब– आपके अपकृत्य के परिणामस्वरूप मेरी पक्षकारा को व्युत्पन्न गहन मानसिक कष्ट, संताप एवं वेदना तथा मानहानि जनित मदों में मेरी पक्षकारा को 1,00,00,000/–(एक करोड़ रूपये) क्षतिपूर्ति रकम का भुगतान कर देवें ।

अतएव एतदद्वारा आपको आगाह किया जाता है कि इस नोटिस की प्राप्ति के एक सप्ताह के भीतर मेरी पक्षकारा को उसके द्वारा दावाकृत प्रस्तावित अनुतोष, जो इस नोटिस की कण्डिका 9 अ एवं ब में वर्णित हैं, मेरी पक्षकारा को प्रदान कर दें अन्यथा उक्त अनुतोषों की प्राप्ति हेतु मेरी पक्षकारा द्वारा आपके विरुद्ध कानूनी कार्यवाहियां प्रारंभ कर दी जावेगी जिसके संपूर्ण व्ययों के वहन हेतु आप उत्तरदायी होगें, साथ ही आपके द्वारा मेरी पक्षकारा को इस नोटिस का मूल्य 10,000/–रू. भी देय होगा।

इस नोटिस की एक सत्यप्रतिलिपि आपके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाहियां प्रारंभ करने के उद्देश्य से मेरे कार्यालय में सुरक्षित रख ली गई है।

| इस नोटिस का मूल्य 10,000/–(दस हजार रूपये) |
|---|

Ashok Kumar Mishra
Advocate
Beladula Raigarh (C.G.)
Regd. No.- 995/1992
Mob. No.- 7440606320

भवदीय
अशोक कुमार मिश्रा
एडवोकेट
रायगढ़ (छ0ग0)

नोट :– इस नोटिस की एक सत्य प्रतिलिपि थाना प्रभारी, पुलिस थाना लैलुंगा को सूचनार्थ प्रेषित ।

कार्यालय –
राकेश बेहरा
अधिवक्ता नवापारा घरघोड़ा,
जिला – रायगढ़ ( छ.ग.)
मोबाईल नं.– 7000573940

**पंजीकृत नोटिस दिनांक 03.09.2025 का जवाब**

प्रति,

श्रीमान् अशोक कुमार मिश्रा
अधिवक्ता, बेलादूला रायगढ़
जिला रायगढ़ (छ.ग.)

महोदय,

मैं आपको अपने पक्षकार श्री ऋषिकेश मिश्रा ग्राम राजपुर ( बथानपारा ढाप रोड़) तहसील लैलूंगा, जिला रायगढ़ छ.ग. के निर्देशानुसार आपकी ओर से प्रेषित नोटिस दिनांक 03.09.2025 का निम्नानुसार जवाब प्रेषित करते हुए आपके पक्षकार से पालन की अपेक्षा रखता हूं :–

1. यह कि आपके द्वारा प्रेषित नोटिस दिनांक 03.09.2025 के कंडिका 01 के कथन पूर्णतः अस्वीकार है।

2. यह कि आपके द्वारा प्रेषित नोटिस दिनांक 03.09.2025 के कंडिका 02 के कथन " जिला जनसंपर्क कार्यालय जशपुर में पदस्थ है " के अतिरिक्त समस्त कथन असत्य, बनावटी, एवं निराधार होने से पूर्णतः अस्वीकार है।

3. यह कि आपके द्वारा प्रेषित नोटिस दिनांक 03.09.2025 के कंडिका 03 के कथन पूर्णतः अस्वीकार है। यह विशिष्ट रूप से अस्वीकार है, कि मेरे पक्षकार द्वारा आपके पक्षकार को तंग, परेशान एवं प्रताड़ित करने हेतु उसे ब्लैकमेल कर उससे अवैध रकम की वसूली एवं आपके पक्षकार के प्रतिष्ठा भंग करते हुए उसकी मानहानि हेतु उसे अपमानित कर लोक अशांति का माहौल बनाने हेतु रविन्द्र विश्वकर्मा के झूठे तथ्यों के इंटरव्यू के साथ सामाचार सोशल मिडिया में प्रसारित करना प्रारंभ कर दिया गया।

**विशिष्ट कथन :–**

1. यह कि मेरे पक्षकार द्वारा आपके पक्षकार के उपर इस आशय के आरोप का समाचार पत्र प्रसारित किया गया कि आपके पक्षकार द्वारा रविन्द्रनाथ पिता गेंदाराम के फोटोग्राफी, ड्राईविंग, कम्प्यूटर

क्रमशः.....02

ऑपरेटर, फोटो प्रदर्शनी, तथा अपने निजी कार्य कराया गया, जिसके संबंध में रविन्द्रनाथ राम द्वारा आपके पक्षकार के विरुद्ध शिकायत की गई थी, और उक्त शिकायत के आधार पर मेरे पक्षकार द्वारा आपके पक्षकार के संबंध में समाचार प्रसारित किया गया ।

4. यह कि आपके द्वारा प्रेषित नोटिस दिनांक 03.09.2025 के कंडिका 04 के कथन पूर्णतः अस्वीकार है।

सत्य कथन यह है, कि रविन्द्रनाथ राम द्वारा आपके पक्षकार के प्रताड़ना से तंग आकर विषपान कर आत्म हत्या करने का प्रयास कियाा गया, जिसके संबंध में समस्त दस्तावेज उपलब्ध है।

5. यह कि आपके द्वारा प्रेषित नोटिस दिनांक 03.09.2025 के कंडिका 05 के कथन पूर्णतः अस्वीकार है।

सत्य कथन यह है, कि मेरे पक्षकार द्वारा मामले की जानकारी के आधार पर समाचार का प्रकाशन किया है।

6. यह कि आपके द्वारा प्रेषित नोटिस दिनांक 03.09.2025 के कंडिका 06 के कथन पूर्णतः अस्वीकार है।

सत्य कथन यह है कि आपके पक्षकार द्वारा मेरे पक्षकार से अवैध वसूली के लिए तथ्यहीन विधिक नोटिस प्रेषित कराया गया है, जिससे मेरे पक्षकार का पत्रकार जगत में अपमान हुआ है, इस हेतु आपके पक्षकार मेरे पक्षकार से सार्वजनिक मंच एवं सोशल मिडिया के माध्यम से 15 दिनों तक लगातार क्षमा याचना कर मेरे पक्षकार को मानहानि के स्वरुप 50,00,000रू. ( पच्चास लाख रू.) अदा कर देवें, अन्यथा आपके पक्षकार के विरुद्ध मेरा पक्षकार प्रकरण संस्थित करने हेतु स्वतंत्र होगा, जिसकी समस्त जवाबदेही आपके पक्षकार की होगी।

7. यह कि आपके द्वारा प्रेषित नोटिस दिनांक 03.09.2025 के कंडिका 07 के कथन पूर्णतः अस्वीकार है।

सत्य कथन यह है कि आपके पक्षकार द्वारा रविन्द्रनाथ राम के साथ किये गये प्रताड़ना के संबंध में प्राप्त जानकारी के आधार पर आपके पक्षकार के विरुद्ध विभिन्न समाचार संस्थाओं द्वारा खबर प्रकाशित किया गया है।

8. यह कि आपके द्वारा प्रेषित नोटिस दिनांक 03.09.2025 के कंडिका 08 के कथन पूर्णतः अस्वीकार है।

9. यह कि आपके द्वारा प्रेषित नोटिस दिनांक 03.09.2025 के कंडिका 09 के कथन पूर्णतः अस्वीकार है। वस्तुतः आपके पक्षकार द्वारा मेरे पक्षकार को अपने पदीय अधिकारों का दुरूपयोग कर परेशान करने का प्रयास किया जा रहा है,और लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पर आघात करने की कुचेष्ठा की जा रही है, जिसके विरुद्ध मेरा पक्षकार यथोचित कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र है।

अतः आपको जवाब के जरिये आपके पक्षकार को ताकिद दी जा रही है कि आपकी पक्षकार मेरे पक्षकार को अनावश्यक परेशान करना बंद करें, अन्यथा मेरे पक्षकार आपके पक्षकार के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में अन्य प्रकरण संस्थित करने हेतु विवश होगा, जिसके समस्त खर्च के अलावा इस नोटिस का अधिवक्ता शुल्क 10001अक्षरांक (दस हजार एक सौ रू.) की देनदारी आपके पक्षकार की होगी ।

इस नोटिस की एक प्रति मेरे कार्यालय में भविष्य के अग्रिम कार्यवाही हेतु सुरक्षित रख ली गई है।

Sd/- (Rakesh Behra)

भवदीय

दिनांक 08.09.2025

राकेश बेहरा (अधिवक्ता)

Rajpur RIH SO 496115
RL RC334955827IN, IVR No1: 18002666868 भारतीय
09/09/2025 13:05:17, Counter No. 1
To: ASHOK KUMAR MISHRA
BELADULA , RAIGARH, 496001
From: RAKESH BEHRA
NAWAPARA GHARGODA , RAIGARH, 496111
Base Amt: 27.00, CGST:2.00, SGST:2.00
To: ASHOK KUMAR MISHRA
P.Mode: Cash
POD:No, www.indiapost.gov.in

!! कार्यालय पुलिस अधीक्षक(शिकायत शाखा), जिला रायगढ़ (छ0ग0) !!

क्रमांकः- पुअ/राय/सीसी/सू.के अधि./ 27 /2025 दिनांकः 23.09.2025

प्रति,

थाना प्रभारी
थाना लैलूंगा जिला रायगढ़

विषय- ऋषिकेश मिश्रा निवासी ग्राम राजपुर (बधानपारा ढापरोड़) थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ के द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत चाही गई जानकारी के संबंध में।

संदर्भ- पत्र क्रमांक पुअ/राय/जसूअ/214/2025 दिनांक 13.09.2025

-::-

विषयांकित संदर्भित पत्र का अवलोकन करें। संदर्भित पत्र के आवेदक ऋषिकेश मिश्रा निवासी ग्राम राजपुर (बधानपारा ढापरोड़) थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ के द्वारा दिनांक 03.09.2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय रायगढ़ को आवेदक नूतन सिदार सहायक संचालक जन संपर्क कार्यालय जशपुर द्वारा दिनांक 03.09.2025 को डाक के माध्यम से अनावेदक ऋषिकेश मिश्रा के विरूद्ध सोशल मीडिया में फोटो डालकर बदनाम करने संबंधी शिकायत डाक के माध्यम से प्रेषित की गई है। उक्त शिकायत की सत्यापित कापी सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रेषित की गई है।

आवेदक द्वारा चाही गई जानकारी के संबंध मे पुलिस अधीक्षक कार्यालय शिकायत शाखा के पत्र क्रमांक पुअ/राय/सीसी/जनता/1221/2025/दिनांक 03.09.2025 के तारतम्य में शिकायत जांच हेतु आपके कार्यालय की ओर भेजी गई है, जांच प्रतिवेदन आपके कार्यालय से आज दिनांक तक इस शाखा में अप्राप्त है।

उपरोक्त के संबंध में थाना प्रभारी लैलूंगा जिला रायगढ़ संज्ञान लेकर आवेदक को शिकायत के संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत कराते हुए चाही गई वांछित जानकारी सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रदाय करावें।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार।

प्रभारी शिकायत शाखा
पु.अ. कार्यालय रायगढ़

प्रतिलिपि:- जन सूचना अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक जिला रायगढ़ की ओर सूचनार्थ।

23/09/2025
प्रभारी शिकायत शाखा
पु.अ. कार्यालय रायगढ़

## !! कार्यालय जन सूचना अधिकारी, उप पुलिस अधीक्षक जिला रायगढ़ (छ०ग०) !!

---

क्रमांक / उपुअ / राय / जसूअ. / 20 / 2025, दिनाक 31,10.2025

प्रति,

प्रथम अपीलीय अधिकारी
एस.डी.ओ.पी. धरमजयगढ़,जिला रायगढ.

विषय :– सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी उपलब्ध कराने बावत्।

संदर्भ :– अपीलार्थीः–ऋषिकेश मिश्रा निवासी मु.पो. राजपुर (बथानपारा ढाप रोड) लैलूगा जिला रायगढ़ (छ.ग.) का ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 30.10.2025, इस शाखा मे प्राप्ति दिनाँक 31.10.2025

—— 0000 ——

कृपया संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें । विषयांकित संबंध मे सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अपीलार्थी–:–ऋषिकेश मिश्रा निवासी मु.पो.राजपुर (बथानपारा ढाप रोड) लैलूगा जिला रायगढ़ (छ.ग.) के द्वारा दिनांक 12.09.2025 को ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम आवेदन पत्र से प्राप्त हुआ था। आवेदन पत्र द्वारा दिनांक 02.09.2025 व 03.09.2025 को पुलिस अधीक्षक रायगढ को डाक के माध्यम से दिये गये शिकायत की सत्यापित कॉपी चाही गयी है। जो की जनसूचना अधिकारी पुलिस कार्यालय रायगढ द्वारा शिकायत शाखा रायगढ को जानकारी प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था। परन्तु शिकायत शाखा द्वारा जानकारी थाना लैलूगा से संबंधित होने से दिनांक 23.09.2025 को थाना लैलूगा को आवेदक को जानकारी प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र दिनांक 23.09.2025 को धारा 06 (03) के तहत अंतरित किया गया है। जिसमे आज दिनांक तक आवेदक को जानकारी प्रदाय नही किया गया है। थाना लैलूगा का पर्यवेक्षण आपके अधीनस्थ होने से आप प्रथम अपीलीय अधिकारी है।

अतः आवेदक का आवेदन पत्र सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के धारा (06)(03) के तहत अंतरित की गई है। वांछित जानकारी 30 दिवस में उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है, जिसमें कार्यालयीन पत्राचार भी शामिल है। आप दर्शित समय सीमा के भीतर आवेदक को जानकारी प्रदाय कर इस कार्यालय को सूचित करें। आवेदक को जानकारी उपलब्ध नही कराये जाने एवं सूचना देने में विलंब होने की स्थिति में आप अधिनियम की धारा 05 (04) के अनुसार स्वयं जिम्मेदार होगें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

उप पुलिस अधीक्षक
जन सूचना अधिकारी
पुलिस कार्यालय, जिला रायगढ (छ.ग)

**प्रतिलिपि :–**

अपीलार्थी :–ऋषिकेश मिश्रा निवासी मु.पो. राजपुर (बथानपारा ढाप रोड) लैलूगा जिला रायगढ़ .(छ.ग.) को सूचनार्थ। आपका एस.डी.ओ.पी. धरमजयगढ़, जिला रायगढ.(छ.ग.) है।

उप पुलिस अधीक्षक
जन सूचना अधिकारी
पुलिस कार्यालय, जिला रायगढ़ (छ.ग)

# धरमजयगढ़ SDOP की नाक के नीचे 'खाकी' का खेल? नूतन सिदार को बचाने के लिए रद्दी की टोकरी में डाला गया आरटीआई कानून !...

**दबंग दुनिया » रायगढ़/धरमजयगढ़**

क्या रायगढ़ पुलिस का काम अपराधियों को पकड़ना है या रसूखदार 'साहबों' की चमचागिरी करना? यह सवाल इसलिए, क्योंकि जशपुर के सहायक जनसंपर्क अधिकारी (APRO) नूतन सिदार द्वारा सोशल मीडिया पर की गई बदनामी के मामले में पुलिस विभाग ने 'शर्म' को भी पीछे छोड़ दिया है। और इस पूरे खेल में अब सबसे बड़ा सवालिया निशान एसडीओपी (SDOP) धरमजयगढ़ की भूमिका और उनकी मॉनिटरिंग पर लग गया है।

**नूतन सिदार : वो 'साहब' जिनके लिए नियम हुए बौने** - मामला बेहद संगीन है। राजपुर निवासी ऋषिकेश मिश्रा ने आरोप लगाया कि APRO नूतन सिदार ने अपराधी लिखकर बदनाम किया। एक जिम्मेदार पद पर बैठे अधिकारी द्वारा ऐसी हरकत 'साइबर अपराध' और 'मानहानि' की श्रेणी में आती है। दिनांक 02.09.2025 को पुलिस अधीक्षक को शिकायत भेजी गई। कायदे से तो अब तक नूतन सिदार पर एफआईआर (FIR) होकर कार्रवाई होनी चाहिए थी, लेकिन कार्रवाई तो दूर, पुलिस शिकायत की एक कॉपी देने में भी पसीने छोड़ रही है। आखिर नूतन सिदार के सिर पर किसका हाथ है जो पुलिस उनके खिलाफ कलम चलाने से भी डर रही है?

**कुंभकर्णीय नींद या मौन सहमति?** - लैलूंगा थाना धरमजयगढ़ अनुविभाग के अंतर्गत आता है। सितंबर से अक्टूबर का महीना खत्म हो गया, लेकिन लैलूंगा थाने ने परिवादी को जानकारी नहीं दी। **DSP ने खोला मोर्चा, अब SDOP की गर्दन फंसी :** पुलिस विभाग की अंदरूनी कलह और नाकामी तब जगजाहिर हो गई जब 31.10.2025 को जन सूचना अधिकारी (DSP, रायगढ़) ने अपनी लाचारी जाहिर कर दी। उन्होंने साफ लिख दिया है कि लैलूंगा थाने ने जानकारी नहीं दी, इसलिए अब धारा 6(3) के तहत यह सिरदर्द प्रथम अपीलीय अधिकारी यानी SDOP धरमजयगढ़ को सौंपा जा रहा है। ? DSP के पत्र ने SDOP धरमजयगढ़ को सीधे कटघरे में खड़ा कर दिया है। पत्र में स्पष्ट चेतावनी है कि यदि 30 दिन के भीतर जानकारी नहीं मिली और विलंब हुआ, तो अधिनियम की धारा 5(4) के तहत हर्जाना और जिम्मेदारी स्वयं SDOP की होगी। यानी अब तक जो फाइल थाने में धूल खा रही थी, अब वह SDOP की टेबल पर बम बनकर टिक-टिक कर रही है। **वर्दी की साख दांव पर:** यह मामला सिर्फ एक RTI आवेदन का नहीं है, यह उस वीआईपी कल्चर का है जहाँ एक अधिकारी (नूतन सिदार) को बचाने के लिए पूरा सिस्टम (लैलूंगा पुलिस और पर्यवेक्षण अधिकारी) एक आम आदमी को फुटबॉल बना देता है। अब देखना यह है कि क्या रउहढ धरमजयगढ़ इस नोटिस के बाद नींद से जागते हैं और नूतन सिदार की फाइल खोलते हैं, या फिर ॅभाई-भतीजावादॅ की रस्म निभाते हुए मामले को ठंडे बस्ते में ही रहने देते हैं।